तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 18 अप्रैल 2026

04 किसानों को खाद, बीज, दवाई आदि के लिए मिलेगी ...

04 भाजपा राज में किसान परेशान, अंकित ने ...




## खबर संक्षेप

### गोस्वामी समाज की बैठक कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद के कार्यकारिणी की बैठक 19 अप्रैल रविवार को सुबह 10 बजे से ग्राम लभराकला स्थित रामेंद्र प्रकाश गिरि के निवास स्थान पर आहूत की गई है। समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि बैठक में जिला इकाई के नवीन निर्वाचन की रूपरेखा तय की जाएगी तथा मतदाता सूची तैयार किया जाएगा। इसके अलावा रायपुर में होने वाले प्रांत स्तरीय शंकराचार्य जयंती समारोह के संबंध में भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### जय बाबे दी मंदिर में भंडारा कल

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में स्थित जय बाबे दी मंदिर पुराना रोड़ नदी मोड़ में 19 अप्रैल रविवार को एक दिवसीय विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। भंडारा का कार्यक्रम जय सिद्ध बाबा बालकनाथ की पूजा अर्चना के साथ शुरू होगा। प्रातः 4 बजे मंदिर में पूजा अर्चना व महायज्ञ होगा। जय बाबे दी मंदिर में प्रातः 4 बजे से शाम तक एक दिवसीय भव्य भंडारा का कार्यक्रम होगा।

### शुल्क वृद्धि की मांग को लेकर निजी स्कूलों का आंदोलन तेज

**महासमुंद।** आरटीई (शिक्षा का अधिकार) के तहत प्रवेशित बच्चों की फीस में बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर निजी स्कूल संचालकों ने आंदोलन तेज कर दिया है। इसी कड़ी में 17 अपैल को सभी निजी स्कूलों के संचालक एवं शिक्षक काली पट्टी बांधकर कार्य किया। वहीं 18 अप्रैल को प्रदेश सहित जिले सभी निजी स्कूल पूर्णतः बंद रखे जाएंगे। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के बैनर तले यह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। एसोसिएशन के महासमुंद ब्लाक अध्यक्ष माधवराव टांकसाले, ब्लाक सचिव एम आर विश्वनाथन और कोषाध्यक्ष राजेश तिवारी ने बताया कि 14 अप्रैल को आयोजित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

# पासपोर्ट के लिए जिलेवासियों को नहीं करना होगा राजधानी तक सफर


हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिले में हर साल पासपोर्ट बनवाने के लिए हजारों लोगों को राजधानी का रुख नही करना होगा। जल्द ही जिला मुख्यालय के पोस्ट ऑफिस में पासपोर्ट सेवा केंद्र की शुरुआत होने जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार फिलहाल प्रारंभिक तैयारियां पूरी हो गई है और जल्द ही शुरुआत के साथ लोगों को आनन-फानन में राजधानी तक दौड़ लगाने की दरकार से निजात मिलेगी। उल्लेखनीय है कि जिले के लोगों को पासपोर्ट बनवाने के लिए रायपुर या अन्य शहरों तक का सफर करने से न केवल समय की बर्बादी होती थी, बल्कि आर्थिक बोझ भी बढ़ता था। कई बार लंबी दूरी तय करने के बाद भी एक ही दिन में काम पूरा नहीं हो पाता था, जिससे आवेदकों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ते थे। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों के लिए यह प्रक्रिया और भी कठिन हो जाती थी। वर्ष 2019-20 में ही इस दिशा में पहल शुरू कर दी गई थी, लेकिन भवन चयन और अन्य प्रशासनिक कारणों से इसमें देरी होती रही। डाक विभाग द्वारा नए भवन का चयन कर करते हुए उसमें आवश्यक मरम्मत एवं व्यवस्थाएं भी पूरी कर ली गई हैं। भवन में पासपोर्ट सेवा के लिए जरूरी काउंटर, वेरिफिकेशन रूम, प्रतीक्षालय और अन्य सुविधाएं विकसित की गई हैं। तकनीकी संसाधनों की भी स्थापना की जा चुकी है।

## "सफर" कर "सफर" करने वाले नागरिकों के लिए कुछ राहत भरी खबर

### विदेश जाने का सपना होगा साकार

पासपोर्ट सुविधा उपलब्ध होने से जिले के युवाओं और आम नागरिकों के लिए विदेश जाने के अवसर भी आसान हो जाएंगे। रोजगार, शिक्षा और पर्यटन के लिए पासपोर्ट की आवश्यकता होती है, और अब यह प्रक्रिया सरल हो जाएगी। पासपोर्ट सेवा केंद्र शुरू होने के बाद जिले के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। अब उन्हें आवेदन के लिए दूर-दराज के शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी।



### उपकरणों की व्यवस्था पूरी

डाकपाल बीआर मरकाम ने बताया कि केंद्र में इंटरनेट, फर्नीचर और तकनीकी उपकरणों की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। उद्घाटन के बाद यहां आम नागरिकों के लिए पासपोर्ट से जुड़ी सभी सेवाएं उपलब्ध होंगी। आवेदन जमा करने से लेकर दस्तावेज सत्यापन और अन्य औपचारिकताएं यहीं पूरी की जा सकेंगी। सामान्य आवेदनों का निपटारा 15 दिनों के भीतर किया जा सकेगा, जिससे लोगों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

**रोष :** शिक्षक संगठन बोलेः कार्रवाई हुई तो ठीक, नहीं तो जारी रहेगा आंदोलन

# 8 माह में कमेटी ने नहीं दी रिपोर्ट फिर से अब नई कमेटी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

- बीईओ के खिलाफ शिक्षकों के विभिन्न संगठनों ने किया था आंदोलन, अब नई कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई

जिले के विभिन्न शिक्षक संगठनों द्वारा एक जुट होकर स्थानीय बीईओ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्रशासन द्वारा एक बार फिर जांच के आदेश जारी किए गए हैं। बता दें कि पूर्व में की गई शिकायतों पर भी एक बार कमेटी तैयार हो चुकी है लेकिन, यह मुद्दा चर्चा में रहा की कमेटी द्वारा कोई रिपोर्ट नही दी गई। एक बार फिर से जांच करने कमेटी गठित किए जाने पर शिक्षक संगठनों में आपत्ति जताई है। बता दें कि शिक्षा विभाग में पदस्थ महासमुंद बीईओ लीलाधर सिन्हा के विरुद्ध शिक्षकों को मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित करने के गंभीर आरोपों के बाद तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है। लेकिन, सर्व शिक्षक संघ ने इस नई कमेटी को प्रशासन की बचाओ रणनीति करार देते हुए पुरानी समिति का क्या हुआ?

शिक्षक संगठनों का कहना है कि 8 महीने पहले भी जिला कोषालय अधिकारी संजय चौधरी की अध्यक्षता में एक जांच समिति बनाई गई। जिसमें 15 दिवस के भीतर रिपोर्ट पर कर कार्यवाही का उल्लेख जारी आदेश में था, लेकिन विडंबना यह है कि उस समिति ने महीनों बीत जाने के बाद भी जांच की एक ईंट तक नहीं सरकाई। सर्व शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से चर्चा करने पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 8 माह के भीतर जांच समिति को 3 बार स्मरण पत्र जारी हुआ तो भी आज तक कोषालय अधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति उस कलेक्टर द्वारा गठित समिति नजर अंदाज करते हुए जांच प्रारंभ नहीं किए है और विकासखंड शिक्षा अधिकारी के बचाव में खड़ा प्रतीत हो रहा है। शिक्षकों ने आरोप लगाया है कि जब जिला कोषालय अधिकारी वाली समिति ने कोई ठोस रिपोर्ट नहीं दी, तो अब नई कमेटी बनाकर केवल मामले को लटकाने और दोषी बीईओ को संरक्षण देने का प्रयास किया जा रहा है।


बीईओ को हटाने शिक्षक संगठन हुए एकजुट, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिले के सभी शिक्षक संघ ने एकजुट होकर

- अफसर के खिलाफ शिकायत मिली तो प्रशासन पर लगा बचाव करने का आरोप, शिक्षकों ने एकजुट होकर बीईओ के खिलाफ खोला मोर्चा

अधिकारी का रवैया शिक्षकों के प्रति सुधरा नहीं है। परिणाम स्वरूप शिक्षकों का यह आक्रोश दिख रहा है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श ने कहा कि शिक्षक अगर सड़क पर आकर मुखर होकर अपने ही अधिकारी की शिकायत कर रहे है, इसका सीधा अर्थ है पूरा मामला अत्यंत गंभीर है।

### जांच के आदेश

कलेक्टर द्वारा जारी ताजा आदेश में बीईओ सिन्हा के खिलाफ छह बिंदुओं पर जांच के निर्देश दिए गए हैं। इसमें संतान पालन अवकाश (सीसीएल) में अवैध वसूलीः अवकाश स्वीकृत करने के नाम पर शिक्षिकाओं से पैसों की मांग, स्टेशनरी वितरण घोटालाः 3 साल से स्कूलों को सामग्री नहीं मिली, जबकि रिकॉर्ड में वितरण दिखा दिया गया। फर्जी बिलों के जरिए आहरणः कार्यालय व्यय की राशि का दुरुपयोग और फर्जी बिलों का खेल। नियम विरुद्ध यात्रा भत्ता (टीए): प्यून के साथ मोटरसाइकिल पर दौरा कर लाखों का फर्जी टीए आहरित करना। पक्षपातपूर्ण रवैयाः ऑनलाइन आवेदनों को दरकिनार कर चहेतों को ऑफलाइन छुट्टियां बांटना। युक्तियुक्तकरण में लापरवाहीः शालाओं के सेटअप और शिक्षकों के समायोजन में व्यापक अनियमितता।

### हटाओ वरना सत्याग्रह होगा

सर्व शिक्षक संघ के पदाधिकारी टेकराम सेन, नारायण चौधरी, ईश्वर चंद्राकर, सिराज बक्श, राजेश साहू, बाबूलाल ध्रुव, कमलनारायण यादव, ईश्वर साहू, दिलीप तिवारी ने स्पष्ट किया है कि जब तक बीईओ को उनके मूल पद से नहीं हटाया जाता, तब तक निष्पक्ष जाँच संभव नहीं है। यदि जांच में पुनः टालमटोल की गई तो शिक्षक आमरण अनशनएवं भूख हड़ताल शुरू करेंगे। आंदोलन के अगले चरण में सत्याग्रह पदयात्रा सीधे राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास तक की जाएगी।

### 7 दिन की मोहलतः क्या इस बार न्याय मिलेगा?

वर्तमान में गठित समिति (अरुण प्रधान, चमनलाल चंद्राकर और एचएल यादव) को 01 सप्ताह के भीतर प्रतिवेदन सौंपने का आदेश दिया गया है। संघ ने कहा है कि समय से पहले निष्पक्ष जाँच कर रिपोर्ट अनुसार कार्रवाई होती है तो वे जिला प्रशासन का आभारी रहेंगे अन्यथा सर्व शिक्षक संघ का क्रमिक आंदोलन जारी रहेगा।

# लाख रुपए की रिश्वत में रंगे हाथों धरा गया सरपंच




हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

- सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं करने के लिए मांगी गई थी रिश्वत

जिले में गुरुवार देर शाम एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने दबिश देते हुए समीपस्थ ग्राम बेमचा के सरपंच को 1 लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि सरकारी जमीन में निर्माण अनुमति और एनओसी के लिए यह रकम मांग की गई थी।

जानकारी के अनुसार शहर से लगे ग्राम पंचायत बेमचा के खसरा नंबर 3110/3 की करीब 1 एकड़ 92 डिसमिल जमीन पर लंबे समय से अजय कुर्रे का कब्जा था। आरोप है कि अजय कुर्रे ने इस सरकारी जमीन को अलग-अलग लोगों को बेच दिया था। इसमें से कुछ जमीन महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय के लाइब्रेरियन सूरज रात्रे को भी बेची गई। लगभग 6 महीने पहले इस जमीन को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों और कब्जाधारी अजय कुर्रे के बीच विवाद हुआ।

### मामला थाने तक पहुंचा बाद में हुआ समझौता

यह मामला थाने तक पहुंचा और दोनों पक्षों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। बाद में सरपंच देवेंद्र चंद्राकर और वर्तमान कब्जाधारी सूरज रात्रे के बीच 4 लाख रुपए के लेन-देन के आधार पर समझौता हुआ, जिसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रोक दी गई। इसी मामले में सूरज रात्रे ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर एसीबी ने ट्रैप किया। रिकॉर्डिंग के लिए उपकरण उपलब्ध कराए गए, जिसमें सरपंच और शिकायतकर्ता के बीच हुई बातचीत के सबूत जुटाए गए।

### रंगे हाथ पकड़ा गया सरपंच

गुरुवार शाम करीब 4 बजे एसीबी टीम ने जनपद पंचायत कार्यालय से कुछ ही दूरी पर कार्रवाई करते हुए सरपंच देवेंद्र चंद्राकर को सूरज रात्रे से 1 लाख रुपए लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी सरपंच को पुलिस कंट्रोल रूम लाया गया। शुक्रवार को देवेंद्र को कोर्ट में पेश किया गया।

# करणी कृपा पावर प्लांट में मजदूरों से लिया जा रहा ओवरटाइम काम

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह के आदेश के परिपालन में जिला स्तरीय गठित संयुक्त टीम द्वारा मेसर्स करणी कृपा पॉवर प्राईवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला परिवहन अधिकारी रामकुमार ध्रुव, श्रम पदाधिकारी श्रम विभाग डीएन पात्र, मुख्य रसायनज्ञ नीलिमा सोनकर एवं केमिस्ट पर्यावरण विभाग जितेंद्र सिंग, श्रम उप निरीक्षक श्रम विभाग बेलारसन बघेल उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान परिवहन विभाग की जांच में कोई अनियमितता नहीं पाई। प्रबंधक को प्लांट के वाहनों को नेशनल हाईवे में सही दिशा में चलने तथा गलत दिशा में न चलने की हिदायत दी गई। पर्यावरण विभाग की जांच में प्लांट परिसर में ईएसपी डस्ट का अत्यधिक मात्रा में भंडारण होना पाया गया। उक्त डस्ट के उचित निस्तारण के लिए उद्योग प्रबंधन को निर्देशित किया गया। श्रम विभाग द्वारा संविदा श्रमिक अधिनियम, 1970, न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, वेतन भुगतान अधिनियम 1936, अंतरराज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम 1979 के अंतर्गत जांच/निरीक्षण किया गया। फैक्ट्री रोल में 40 कुशल एवं 05 अतिकुशल इस प्रकार कुल 45 कर्मचारी अन्य प्रदेशों के पाए गए तथा 30 अकुशल, 80 अर्धकुशल, 150 कुशल, 50 अतिकुशल कुल 310 कर्मचारी स्थानीय निवासी नियोजित पाए गए एवं ठेकेदारों के नियोजन में 20 कुशल, 15 अतिकुशल कुल 35 कर्मचारी अन्य प्रदेशों के पाये गये तथा 150 अकुशल, 50 अर्धकुशल, 40 कुशल, 10 अतिकुशल कुल 250 कर्मचारी स्थानीय निवासी नियोजित पाए गए। जांच में कर्मचारियों से संबंधित रिकार्ड समक्ष में प्रस्तुत नहीं किया गया। ठेकेदारों द्वारा ओवरटाइम लिया जाना पाया गया। ओवरटाइम से संबंधित रिकार्ड प्रस्तुत नहीं किया गया। ठेकेदारों द्वारा अंतरराज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम 1979 के अंतर्गत वांछित जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई। इस संबंध में प्रबंधन एवं ठेकेदारों को नोटिस जारी किया जा रहा है। आंतरिक परिवाद समिति का गठन कराया जाना पाया गया।

# शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिले की पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के कई मामलों में आरोपियं के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक महासमुंद द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर कार्रवाई की गई।

पिथौरा पुलिस ने सूचना मिलने पर आरोपी संतोष यादव पिता कन्हैयाराम यादव (46 वर्ष) वार्ड नं 12 रानीसागरपारा पिथौरा व वाहन मालिक कमलजीत उर्फ प्रिंस सलूजा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गोशाला के पास से कार क्रमांक सीजी 06 एचबी 9500 में अवैध रुप से रखे 35100 एम.एल. देशी प्लेन शराब कीमती 15600 को बरामद किया। मामले में एक आरोपी संतोष यादव को गिरफ्तार किया गया है, वहीं वाहन मालिक कमलजीत उर्फ प्रिंस सलूजा फरार है।




महासमुंद कोतवाली थाने में आरोपी सत्यनारायण महाराणा पिता स्व. सुरीबाबू महाराणा (35 साल) सुभाष नगर महासमुंद के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपी के कब्जे से 30 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 2400 रुपएको बरामद किया गया है। इसके अलावा वार्ड नं. 09 छिपियापारा महासमुंद पुराना शराब दुकान के पास में सुभाष यादव पिता अक्तुराम यादव नाम के व्यक्ति के कब्जे से 44 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 3520 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

# सीनियर राष्ट्रीय रग्बी सेवंस चैंपियनशिप के लिए तुगांव के शुभांश का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिले के तुमगांव निवासी होनहार रग्बी प्लेयर शुभांश बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आगामी 21 अप्रैल तक चलने वाली सीनियर राष्ट्रीय रग्बी सेवंस चैंपियनशिप (महिला एवं पुरुष) में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

खेल प्रशिक्षक डॉ. सुनील कुमार भोई (भोरिंग) ने बताया कि दुर्ग में आयोजित राज्य स्तरीय रग्बी सेवन्स प्रतियोगिता में महासमुंद जिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई और उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया। इसी प्रतियोगिता में शुभांश शर्मा के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं को प्रभावित किया, जिसके आधार पर उनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। शुभांश का खेल सफर भी उल्लेखनीय रहा है। वे वर्ष 2023 में पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित जूनियर नेशनल रग्बी चैंपियनशिप, वर्ष 2024 में भुवनेश्वर (ओडिशा) में सीनियर नेशनल प्रतियोगिता तथा वर्ष 2024 में पटना (बिहार) में आयोजित 19 वर्ष आयु वर्ग की राष्ट्रीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने हुनर का प्रदर्शन कर चुके हैं।



उनकी इस सफलता के पीछे परिवार का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, डॉ. अयाज अहमद, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल आदि ने हर्ष जताया है।

# 18 मामलों में जब्त 10 क्विंटल गांजा को किया गया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिले के विभिन्न थानो में दर्ज 18 एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में जब्त 999.200 किलो (09 क्विं. 99 किलो 200 ग्राम) अवैध मादक पदार्थ गांजा को नष्ट किया गया। नष्ट किए गए गांजा की कीमत, 05 करोड़, 04 लाख, 23 हजार 300 रुपए है। पुलिस ने नष्टीकरण की कार्रवाई बालाजी प्लांट बेलसोंडा, महासमुंद में जिला स्तरीय ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक महासमुंद, सदस्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं सदस्य जिला आबकारी अधिकारी के समक्ष भौतिक सत्यापन के बाद किया गया। इस नष्टीकरण की कार्रवाई में महासमुंद जिले के थाना कोमाखान के 07 प्रकरण, थाना बसना के 07 प्रकारण, थाना सांकरा के 01 प्रकरण, थाना सिंघोड़ा के 02 प्रकरण एवं थाना पिथौरा के 01 प्रकरण में जब्त अवैध मादक पदार्थ गांजा के शामिल है। वहीं नष्टीकरण प्रकरणों में वर्ष 2025 के 02 प्रकरण जो कि थाना सिंघोड़ा के हैं तथा शेष 16 प्रकरण वर्ष 2026 के है, जो थाना कोमाखान, बसना, सांकरा एवं थाना पिथौरा के है।




तत्काल संपर्क करें
फील्ड कार्य के लिए 12वीं पास 15 युवक-युवतियों के लिए देश के प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान से जुड़ने का सुनहरा अवसर....
फील्ड मार्केडिंग, सर्वे, रिपोर्टिंग, सुपरवाईजर, एजेंसी डेवलपमेंट, कलेक्शन, टेलीकॉलिंग सहित अन्य कार्यों के लिए....
(प्रतिमाह-10000+इंसेंटिव)
कार्य के समय-8 घंटे
सक्षम युवक-युवतियां (युवतियों को प्राथमिकता) संपूर्ण बायोडाटा बैंक डिटेल और, आधार कार्ड के साथ तत्काल कार्यालय में कार्यालय में संपर्क करें...
-संपर्क-
हरिभूमि
जिला कार्यालय
प्रीतम प्राइड कॉम्प्लेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

## खबर संक्षेप

### शिव कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 20 से

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान इस बार नगर एवं आसपास के ग्रामवासियों के आध्यात्मिक उन्नति के लिए जिला सिवनी मध्यप्रदेश से ब्रम्हाकुमारी आस्था दीदी द्वारा शिव कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने बताया कि समस्त पापों को हरने वाली चिरस्थाई सुख प्रदान करने वाली, समस्त मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली अति पावनी शिव कथा को सुनकर अपने जीवन को सफल बनाने का सुंदर अवसर (खुशियों के पांच दिन) स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड तुमगांव रोड में 20 से 24 अप्रैल सुबह 7 से 8 बजे तक आयोजित की जाएगी। सभी नगरवासियों से इस कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की गई है।

### वेडनर स्कूल में कक्षा दसवीं का परीक्षाफल रहा उत्कृष्ट

**महासमुंद।** वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा दसवीं परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला का नाम रोशन किया है। जिसमें प्रथम ईशान राजा (97.2 प्रतिशत), द्वितीय दुर्गा प्रसाद डोरा (95), पार्थ साहू (95), ज्ञानसी चंद्राकर (95), तृतीय अभिनव शर्मा (94.8), मोहित सिंग (94.8), चतुर्थ पार्थ धीवर (94.4) एवं पांचवा भाव्या राठी (92) एवं छठवां देवी प्रसाद डोरा (90.6 प्रतिशत) रहे। विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्राचार्य रेव्ह. फादर देवानंद बाघ एवं समस्त शाला परिवार ने हर्ष व्यक्त किया।

### स्नातक युवाओं के लिए प्लेसमेंट कैंप 20 को

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र महासमुंद द्वारा स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 20 अप्रैल को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप मचेवा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित रोजगार कार्यालय परिसर में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनी द्वारा बैंकिंग सेक्टर में असिस्टेंट मैनेजर के 50 पदों पर भर्ती की जाएगी।

### अग्निवीर भर्ती के लिए निःशुल्क कोचिंग सुविधा

**महासमुंद।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2026 के तहत ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया 13 फरवरी से 10 अप्रैल 2026 तक निर्धारित की गई थी। इस भर्ती प्रक्रिया में पंजीकृत अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा की बेहतर तैयारी कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र महासमुंद द्वारा निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि यह निःशुल्क कोचिंग 04 मई 2026 से 04 जून 2026 तक संचालित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 30 अप्रैल 2026 तक रोजगार विभाग के आधिकारिक पोर्टल या एप के माध्यम से अग्निवीर भर्ती 2026 की लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, महासमुंद से संपर्क कर सकते हैं।

### जिले के ग्रामीण युवाओं के लिए फास्ट फूड निर्माण प्रशिक्षण आज से

**महासमुंद।** ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता से जोड़ने के उद्देश्य से आरसेटीआई द्वारा फास्ट फूड निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 अप्रैल से शुरू किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में युवाओं को केक और आइसक्रीम के साथ-साथ चाउमीन, बर्गर, पिज्जा, मोमोस सहित विभिन्न फास्ट फूड बनाने की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। जिससे कम लागत में स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकें। निदेशक बैंक ऑफ बड़ौदा टूटू बेहरा ने बताया कि यह प्रशिक्षण केवल जिले के युवाओं के लिए आयोजित किया जा रहा है।

## सख्त निर्देश : कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला फीस समिति की बैठक

# शासन से निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप ही फीस निर्धारित करें निजी विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के निजी विद्यालयों में शुल्क निर्धारण एवं उससे जुड़े प्रावधानों पर विस्तार के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय (फीस का विनियमन) अधिनियम 2020 अंतर्गत गठित जिला फीस समिति की बैठक हुई। बैठक में सदस्य सचिव जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला कोषालय अधिकारी सुरेश कुमार चौधरी, सेवानिवृत्त प्राचार्य शिक्षाविद केआर चंद्राकर, वरिष्ठ अधिवक्ता कानूनविद अनिल शर्मा, अभिभावक राजेश पटेल, घनश्याम पटेल, विद्यालय प्रबंधन सदस्य सुरेश बंसल, पारस चोपड़ा एवं जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा उपस्थित रहे।

कलेक्टर लंगेह ने बैठक में निर्देश दिए कि सभी निजी विद्यालय शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप ही फीस निर्धारित करें और विद्यार्थियों एवं अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक भार न डालें। कलेक्टर लंगेह ने अधिनियम 2020 के नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक महत्वपूर्ण अधिकार है, इसलिए फीस निर्धारण में पारदर्शिता और




न्यायसंगतता सुनिश्चित की जानी चाहिए। यदि किसी भी विद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला फीस समिति के अनुमोदन के पश्चात ही फीस बढ़ोत्तरी किया जाएगा। स्कूल निर्धारित शर्तों के तहत ही अतिरिक्त सुविधा प्रदान करते हुए समिति के निर्णयानुसार फीस बढ़ोत्तरी कर सकती है। लेकिन उसकी भी सीमा है। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा अभी तक किसी भी निजी स्कूल के फीस बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। साथ ही आरटीई के तहत बच्चों के प्रवेश शुल्क की प्रक्रिया का अक्षरशः पालन करने निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में पात्र विद्यार्थी न छूटे और अपात्रों का चयन न हो। पहले चरण के आवेदन की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। द्वितीय चरण की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। साथ ही अपार आईडी के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समय-समय पर विद्यालयों का निरीक्षण करें और अभिभावकों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे द्वारा छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय (फीस का विनियमन) अधिनियम 2020 की जानकारी प्रस्तुत किया गया। जिले में वर्तमान में कुल 243 निजी विद्यालय संचालित हैं, जिनकी फीस संरचना की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए गए। बैठक में समिति के सदस्यों ने भी अपने सुझाव साझा किए।

## मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत अधिक से अधिक संरचना निर्माण करने के निर्देश

**महासमुंद।** भारत सरकार द्वारा संचालित मोर गांव मोर पानी अभियान 2.0 के तहत जिले में अधिक से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। जिससे जल संवर्धन, जल संरक्षण और गिरत भू-जल स्तर को स्थिरता और बढ़ावा मिलेगा। आने वाले समय और ग्रीष्म काल में पानी की समस्या से निजात पाने के लिए यह व्यापक महाभियान जनभागीदारी के माध्यम से चलाया जाएगा। शासकीय संस्थाओं के अलावा निजी संस्थाओं, गैर सरकारी संस्थाओं को भी जोड़ा जाएगा। जलस्त्रोतों के किसान सबसे संरक्षक होते है। अतः उन्हें भी अपने खेतों में सोख्ता गड्ढा, डबरी, कुंआ बनाने के प्रोत्साहित किया जाएगा।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में मोर गांव मोर पानी अभियान की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वनमंडलाधिकारी मयंक पांडेय, जिला पंचायत हेमंत नंदनवार सहित जल संसाधन, पीएचई, कृषि, भूमि संरक्षण एवं सभी जनपद पंचायत के सीईओ मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कि अभियान में अधिक से अधिक जन भागीदारी को बढ़ाएं और इसे एक जन आंदोलन का रूप दें। जिला पंचायत सीईओ नंदनवार ने बताया कि जनपद पंचायतों के अंतर्गत सभी 551 ग्राम पंचायतों में सोख्ता गड्ढा का निर्माण किया जाएगा। नरेगा के माध्यम से ऐसे कार्य स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि नरेगा अंतर्गत निजी डबरी के एक हजार , तालाब गहरीकरण 500, तालाब खनन 250 और कुआं खनन 450 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जल संरक्षण के लिए यह एक महत्वपूर्ण कार्य है। इसी तरह नगरीय प्रशासन को सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने, शासकीय स्कूलों और आंगनवाड़ियों में सोख्ता गड्ढा का निर्माण करने, प्रधानमंत्री आवासों में विभिन्न जल संरचना बनाए जाएंगे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को अनुपयोगी बोरवेल को पुनः चालू करने के लिए इंजेक्शन वेल का निर्माण करने कहा गया है। कलेक्टर ने सभी एजेंसियां को 31 मई तक सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। साथ ही सभी संरचनाओं का जियो टैग कर पोर्टल में एंट्री सुनिश्चित करने कहा गया है।

## अंतरराष्ट्रीय 28वें पंडित मातादीन स्मृति समारोह में विजय मिर्चे हुए सम्मानित

**महासमुंद।** 12 अप्रैल को मनुमुक्त मानव मेमोरियल ट्रस्ट नारनौल द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर के 28वें पंडित मातादीन–मूर्तिदेवी स्मृति सम्मान समारोह में महासमुंद ज़िला के युवा विजय कुमार मिर्चे को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक शोध एवं सामाजिक योगदान के लिए पंडित मातादीन–मूर्तिदेवी स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया। अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र मनुमुक्त भवन में आयोजित इस समारोह में भारत और नेपाल की कई प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेपाल के पूर्व मुख्यमंत्री राजेंद्र सिंह रावल रहे, जबकि अध्यक्षता सिंघानिया विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनोज कुमार गर्ग (आईएएस सेवानिवृत्त) ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार शर्मा, नेपाल भाषा आयोग के सदस्य डॉ. पुष्करराज भट्ट तथा विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलानुशासक डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने विजय कुमार मिर्चे की पीएचडी शोध विषय सहित शिक्षा, लेखन, कला और समाज सेवा के प्रति उनके योगदान की सराहना की। ग़ौरतलब है कि विजय कुमार मिर्चे ज़िला के शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग में लेक्चरर के रूप में कार्यरत है और प्रो. डॉ. मालती तिवारी के निर्देशन में छत्तीसगढ़ की राजनीति में सतनामी समाज की भूमिकाः अतीत से वर्तमान तक विषय में अपना शोध कार्य कर रहे है। इसके अलावा विजय कुमार मिर्चे ज़िला प्रवक्ता प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महासमुंद, राष्ट्रीय पंथी नर्तक दल सत्य के विरासत पंथी दल मुडियाडीह के संचालक सहित विभिन्न सामाजिक पदों पर सेवा दे रहे है। इस समारोह में विभिन्न श्रेणियों में देश-विदेश की कई प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कवि-वक्ताओं ने अपनी प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी डॉ. रामनिवास 'मानव' एवं ट्रस्टी डॉ. कांता भारती ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डॉ. जितेंद्र भारद्वाज, डॉ. पंकज गौड़ और डॉ. सुनील भारद्वाज ने किया। इस उपलब्धि पर तरुण व्यवहार उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बाग़बाहरा, सोमनाथ टोंडेकर, रामनारायण जांगड़े, करन मार्कंडेय, कला जांगड़े, नेहा बघेल सहित परिवारजनों एवं समाज प्रमुखों ने हर्ष जताया है।

# डीईओ ने की शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं प्रशासनिक कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विकासखंडवार प्रगति की जानकारी ली गई तथा अपेक्षित प्रगति न होने पर संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि आगामी सुशासन तिहार शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकता है, अतः शिक्षा विभाग से संबंधित सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। जिला शिक्षा अधिकारी लहरे ने विद्यार्थियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देशित किया कि



अपार आईडी एवं जाति प्रमाण पत्र निर्माण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। बैठक में डीफ एवं इनऑपरेटिव खातों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि सभी निष्क्रिय खातों को तत्काल सक्रिय किया जाए तथा शेष राशि को नियमानुसार शासन के पक्ष में जमा करने की कार्रवाई पूर्ण की जाए। इस संबंध में लापरवाही पाए जाने पर उत्तरदायित्व निर्धारित करने की बात भी कही गई। नवीन शैक्षणिक सत्र को दृष्टिगत रखते हुए पाठ्य पुस्तकों एवं गणवेश की उपलब्धता पर विशेष जोर दिया गया। विद्यालयों में समय पर पाठ्यपुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करने तथा गणवेश वितरण की कार्रवाई में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसी तरह विकासखंड स्तर पर संचालित निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखने तथा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कर्मयोगी पोर्टल के माध्यम से संचालित ऑनलाइन प्रशिक्षण की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक एवं कर्मचारी अनिवार्य रूप से निर्धारित समय-सीमा में अपना प्रशिक्षण पूर्ण करें, जिससे उनकी कार्यक्षमता एवं दक्षता में वृद्धि हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करें एवं जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते रहें। इस अवसर पर डीएमसी रेखराज शर्मा, सहायक संचालक एनके सिन्हा, एडीपीओ प्रमोद कन्नौजे, बीईओ महासमुंद लीलाधर सिन्हा, एबीईओ बागबाहरा रामता मन्नाडे, लोकेश्वर कंवर, पूर्णानंद मिश्रा एवं बीईओ टीसी पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शांत्रीबाई कॉलेज में छात्रों को दी गई इंटर्नशिप योजना की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय शांत्रीबाई महाविद्यालय में स्नातक अंतिम वर्ष व भूतपूर्व विद्यार्थियों को पीएम इंटर्नशिप योजना के प्रचार-प्रसार अंतर्गत पंजीयन, दायरा एवं पात्रता से संबंधी जानकारी दी गई।

पीएम इंटर्नशिप योजना प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापक रेशम लाल साहू ने सर्वप्रथम पीएम इंटर्नशिप योजना अंतर्गत विद्यार्थियों को ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करने की संपूर्ण प्रक्रिया, पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज, पंजीयन के दायरे, पात्रता, अपात्रता के बारे में विस्तार से बताया। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का मुख्य उद्देश्यों जैसे युवाओं को विभिन्न शासकीय एवं निजी क्षेत्रों में कार्य करने का अवसर प्रदान करना है, जिससे वे अपने शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त कर सकें। यह योजना विद्यार्थियों के कौशल विकास, आत्मविश्वास में वृद्धि तथा रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सविता चंद्राकर ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक अनुभव भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पीएम इंटर्नशिप योजना एक सुनहरा अवसर है, जिसके माध्यम से वे अपने कौशल को निखार सकते हैं एवं भविष्य में बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। प्राचार्य ने यह भी कहा कि सभी छात्र-छात्राएं इस योजना में बढ़-चढ़कर भाग लें, समय पर पंजीयन करें तथा अपने करियर को नई दिशा देने के लिए इस अवसर का पूर्ण उपयोग करें। सत्र के अंत में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया एवं उन्हें प्रेरित किया गया कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। साथ ही यह भी बताया गया कि समय-समय पर योजना से संबंधित अद्यतन जानकारी के लिए आधिकारिक पोर्टल का अवलोकन करते रहें और इस योजना का प्रचार-प्रसार करें। इस अवसर पर मेनका चंद्राकर, नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, देवेंद्र चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, हीना चंद्राकर, शत्रुघन पटेल, आर्शिन सालोमन, भूमिका दुबे, नरेंद्र तांडी, देवानंद चंद्राकर, गुलाब चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल व महाविद्यालय के स्नातक अंतिम वर्ष के नियमित एवं भूतपूर्व छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

## जिले में औद्योगिक आपदा प्रबंधन के लिए मॉक एक्सरसाइज का आयोजन 23 को

**महासमुंद।** जिले में औद्योगिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन नई दिल्ली के आदेशानुसार 21 अप्रैल 2026 को प्रातः 09:30 बजे एनआईसी महासमुंद में वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से टेबल टॉप एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात 23 अप्रैल 2026 को मॉक एक्सरसाइज कार्यक्रम ग्राम बेलसोंडा के राइस मिल में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के निष्पादन के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय एवं एसडीओ(पी) चुन्नू तिगा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। साथ ही कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए जिला स्तर पर नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। डिप्टी कलेक्टर सृष्टि चंद्राकर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं डिप्टी कलेक्टर तेजपाल सिंह ध्रुव तथा जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी दिनेश कुमार रावटे को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रशिक्षण एवं मॉक एक्सरसाइज में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। ताकि, किसी भी संभावित औद्योगिक आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग का 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 15 अप्रैल को जारी किए गए इस परिणाम में विद्यालय के छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में कीर्ति ठाकुर ने 500 में से 405 अंक अर्जित कर 81 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं मनीषा ध्रुव ने 397 अंक (79.4 प्रतिशत) के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि, कामना ध्रुव 391 अंक (78.2 प्रतिशत) के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इसके अलावा ऐश्वर्या और जागृति ठाकुर ने भी क्रमशः 76.6 और 76.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष पांच में अपनी जगह बनाई। विद्यालय में इस वर्ष कुल 53 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें से 48 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। चार विद्यार्थियों को कंपार्टमेंट प्राप्त हुआ है और एक विद्यार्थी अनुपस्थित रहा। विषयवार प्रदर्शन में विद्यार्थियों ने विशेष रूप से हिंदी और सामाजिक विज्ञान में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हिंदी विषय में अधिकतम 92 अंक प्राप्त किए गए, वहीं सामाजिक विज्ञान में कामना ध्रुव ने सर्वाधिक 95 अंक हासिल हासिल किया। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष जताया है।

# सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में चंद्रोदय पब्लिक स्कूल के बच्चों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) नई दिल्ली ने 15 अप्रैल 2026 को देर शाम कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया। नगर के प्रचलित सीबीएसई स्कूल चंद्रोदय पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं बोर्ड का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

दसवीं बोर्ड में वंशिका ठाकुर 93 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रही। वही द्वितीय 90.6 प्रतिशत के साथ जिनिशा चंद्राकर, तृतीय टीयांशा यदु 89.2 प्रतिशत, चतुर्थ रुचि साहू 88.8, पांचवा पूर्वी सिन्हा 86.8 प्रतिशत रहे। इस बार सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में छात्रों के मुक़ाबले छात्राओं का प्रदर्शन अति उत्तम रहा। सीबीएसई बोर्ड में बच्चों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छत्तीसगढ़ चंद्रनाहू शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, उपाध्यक्ष चंद्रपाल चंद्राकर, सचिव कमलेश चंद्राकर, प्राचार्य नवीन कुमार, उपप्राचार्य मंजुला चंद्राकर, उपाध्यक्ष द्रोण चंद्राकर एवं समिति के सभी सदस्यों ने छात्रों की इस उपलब्धि पर शाला परिवार को बधाई ज्ञापित किया।

प्राचार्य नवीन कुमार के बताया कि साल दर साल चंद्रोदय पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम उत्कृष्ट होता जा रहा है, पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष जायदा बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया है। वही 80 प्रतिशत हासिल करने वाले विद्यार्थियों की भी संख्या बढ़ी है। इस वर्ष विषयवार कक्षा दसवीं में सर्वाधिक अंक लाने वालों में वंशिका ठाकुर अंग्रेजी में 96/100 एवं हिंदी में 95/100, गणित में रुचि साहू सर्वाधिक 86/100, विज्ञान में जिनिशा चंद्राकर एवं वंशिका सर्वाधिक 89/100, सामाजिक विज्ञान में हर्ष चंद्राकर एवं वंश कुमार चंद्राकर सर्वाधिक 93/100 एवं इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में जिनिशा चंद्राकर सर्वाधिक 99/100 अंक हासिल कर स्कूल एवं परिवार का नाम रौशन किया है। इस अपार सफलता के पीछे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शाला प्रबंधन समिति का उत्कृष्टता के लिए अथक प्रयास, अभिभावकों का सहयोग एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। सभी टॉप 10 टॉपर्स को स्कूल द्वारा सम्मान भी प्रदान किया जाएगा। छात्रों की सफलता पर शिक्षक संगीता साहू (पीजीटी हिंदी) कक्षा अध्यापिका, दीपक ठाकुर (पीजीटी वाणिज्य), अमान्नू साहू (पीजीटी म्यूजिक), दीपेश चंद्राकर (पीजीटी भौतिक शास्त्र), प्रियंका महापात्र (टीजीटी, अंग्रेजी), आरती ठाकुर (पीजीटी कंप्यूटर विज्ञान), टीकाराम साहू (पीजीटी हिंदी), शिवराज देवांगन (पीजीटी गणित), अंजलि चंद्राकर (पीजीटी रसायन विज्ञान), प्रीति साहू (पीजीटी जीव विज्ञान), अनिता एल्यूमहंती (पीजीटी अर्थशास्त्र), भीषण मंडाले (क्रीड़ा शिक्षक), मनीष चंद्राकर (लेखपाल), टकेश्वर चंद्राकर (सूचना प्रौद्योगिकी विभाग), लीकेश साहू (यातायात प्रभारी) एवं गुरुजनों ने हर्ष जताया है।

## ऑयल पाम के साथ-साथ उद्यानिकी फसल की खेती से कृषक लक्ष्मीकांत हुए आर्थिक रूप से सशक्त

**महासमुंद।** विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम बेलडीह के कृषक लक्ष्मीकांत साहू ने कर दिखाया कि सही मार्गदर्शन और आधुनिक तकनीक से बंजर भूमि को भी आय का मजबूत साधन बनाया जा सकता है। वर्ष 2025-26 में उन्होंने नेशनल मिशन ऑन एडीबल ऑयल-ऑयल पाम योजना के तहत अपने 3.00 हेक्टेयर बंजर भूमि पर ऑयल पाम की खेती शुरू की। लक्ष्मीकांत बताते हैं कि पहले यह भूमि धान की खेती के लिए उपयुक्त नहीं थी, जिससे उन्हें पर्याप्त आय नहीं हो पाती थी। लेकिन उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन और सहयोग से उन्होंने ऑयल पाम की उन्नत खेती अपनाई। विभाग द्वारा उन्हें पौधरोपण, बोरवेल, फेंसिंग और ड्रिप सिंचाई जैसी सुविधाओं पर अनुदान प्रदान किया गया, जिससे खेती की लागत कम हुई और उत्पादन क्षमता बढ़ी। ऑयल पाम के साथ-साथ साहू ने अंतरवर्तीय फसल के रूप में बैगन और करेला की खेती भी शुरू की। विशेष रूप से बैंगन की फसल से उन्हें उल्लेखनीय लाभ हुआ। प्रति एकड़ लगभग 110 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ, जिसे 12 रुपये प्रति किलो के भाव से बेचकर उन्होंने लगभग 82 हजार रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया। इस अतिरिक्त आय ने उनकी आर्थिक स्थिति को काफी मजबूत किया। लक्ष्मीकांत साहू द्वारा अपनाई गई आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रिप सिंचाई और फेंसिंग ने उनकी खेती को अधिक प्रभावी और टिकाऊ बनाया है। उनकी सफलता को देखकर आसपास के अन्य किसान भी ऑयल पाम की खेती की ओर आकर्षित हो रहे हैं और नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।



## खबर संक्षेप



### मुक्तिधाम सेवा समिति ने किया वृद्धा का अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** आशियाना वृद्धा आश्रम में हितग्राही बुधिया बाई साहू के आकस्मिक निधन पश्चात मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों द्वारा शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें राजू चंद्राकर, डॉक्टर जितेंद्र शुक्ला, ओमप्रकाश ओसर, गुमान जैन, फगुआ पटेल, संजय साहू, मनोज पटेल, सुरेश साहू, डॉ एजाज नक़वी, रुचि ठाकुर सहित स्टाफ मौजूद रहे। आदि मौजूद रहे।

### ख्याति को 976% अंग

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा निवासी



बिरकोनी इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष जितेंद्र चंद्राकर की सुपुत्री ख्याति चंद्राकर ने कक्षा 10वीं सीबीएसई 97.6 प्रतिशत प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की। इस उपलब्धि पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।



### अरंड में ई-केवायसी के लिए लगी महिलाओं की भीड़

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में शासन द्वारा महतारी वंदना की ई केवाईसी करने के लिए महिलाएं अपना आधार कार्ड नंबर लेकर ग्राम पंचायत भवन में पहुंची। जहां महिलाओं की भीड़ लग गई। ग्राम के सरपंच दिगंबर पटेल, देवराज सिंह ठाकुर, दिनेश दुबे, हरिशंकर बरिहा, हेम प्रसाद साहू, कामनी बाई निर्मलकर, मिलो बाई ध्रुव, दशमत बाई ध्रुव, सेवा बाई ध्रुव आदि मौजूद रहे।

### निःशुल्क किडनी व पथरी ऑपरेशन शिविर कल

**महासमुंद।** आगामी रविवार 19 अप्रैल 2026 को सोहम हॉस्पिटल में निःशुल्क किडनी व पथरी ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. आकाश अग्रवाल (यूरोसर्जन) परामर्श देंगे। यह शिविर सुबह 10 से 1 तक चलेगा।

**सुविधा : प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी ओंकारबंद का शुभारंभ**

# किसानों को खाद, बीज, दवाई आदि के लिए मिलेगी सहूलियतः जयप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

अब ओंकारबंद, एमकेबाहरा, तेलीबांधा पड़कीपाली, चुरकी के करीब एक हजार से अधिक किसान अब खाद-बीज दवाई अथवा नगदी के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी होगी। क्योंकि, छतीसगढ़ शासन ने विगत दिनों धान खरीद केंद्र ओंकारबंद का नए समिति के रूप में वर्चुअल शुभारंभ किया। अब समिति किसानों को सुविधा देने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। आज से नवीन समिति ओंकारबंद कार्यशील हो जाएगी। उक्त बातें जयप्रकाश साहू प्रबंधक सहकारी समिति ओंकारबंद ने समितियों के वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम अवसर में उपस्थित अतिथियों किसानों के स्वागत उद्बोधन के दौरान कही।

वर्चुअल शुभारंभ के दौरान बतौर अतिथि थान सिंह दीवान महामंत्री जिला भाजपा, लोकेश पनुरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष



खल्लारी, भुवन लाल साहू अध्यक्ष सहकारी समिति चरौदा, दुष्यंत चंद्राकर सरपंच ओंकारबंद, नारायण सिंह ठाकुर सरपंच चरौदा, वेणू साहू सरपंच कमरौद, देवक राम साहू ग्राम प्रमुख एमके बाहरा, कमल साहू पूर्व सरपंच एमकेबाहरा, आकाश चंद्राकर युवा भाजपा नेता खल्लारी ने उपस्थिति होकर समितियों के वर्चुअल शुभारंभ को देखा। अतिथियों ने अपने अद्बोधन के दौरान कहा कि लोन लिए किसानों को आने वाली समय में दिक्कतें कम होंगी। किसानों को अब गांव के पास ही खाद बीज कीटनाशक एक ही जगह माइक्रो-एटीएम से राशि आदि मिलेंगी। उदबोधन के दौरान अतिथियों ने 0 प्रतिशत ब्याज दर में किसानों को दी जाने वाली राशि के बारे में जानकारी दी गई। जिला भाजपा महामंत्री थानसिंह दीवान ने अपने परे परिवार के अलग-अलग ऋण पुस्तिका में करीब 14 लाख ऋण राशि 0 प्रतिशत ब्याज दर पर लेने की बात कही। उन्होंने किसानों को समिति से जुड़ने हेतु आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान सुजीत साहू, रामनारायण साहू, प्रकाश साहू, चंदूलाल साहू, जगदीश तेली, भुखन पटेल, लाला खिलेश साहू, संतराम पटेल, दिनेश कुमार साहू, खिलावन पटेल, नीरज चंद्राकर, सालिक राम साहू, मोहन साहू, कैलाश पटेल, धनीराम ध्रुव, ज्ञान चंद बजाज, मोहन चंद्राकर, मेवा राम सिन्हा, गोपाल साहू, कामता चंद्राकर, प्रेम साहू, ओमप्रकाश साहू, सुरेंद्र पटेल, खेमराज सिन्हा, नंदनी सिन्हा, बोहरण ठाकुर, दशरथ यादव, मिथुन यादव, लोकेश साहू, सतीश ठाकुर, दीनदयाल ध्रुव आदि मौजूद रहे।

## सीनियर राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप के लिए तुमगांव के शुभांश का चयन



**महासमुंद।** सीनियर राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप (महिला एवं पुरुष) का आयोजन राजगीर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बिहार में 16 से 21 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया गया है। जिसमें तुमगांव से शुभांश शर्मा का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। डॉ. सुनील कुमार भोई खेल प्रशिक्षक भोरिंग ने बताया कि दुर्ग में आयोजित राज्य स्तरीय रग्बी सेवंस प्रतियोगिता में महासमुंद जिला फाइनल में जगह बनाते हुए उपविजेता होने का गौरव प्राप्त किया था। उक्त प्रतियोगिता में शुभांश के शानदार प्रदर्शन करने पर उनका चयन बिहार में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इससे पहले भी शुभांश ने वर्ष 2023 में जूनियर नेशनल रग्बी चैंम्पियनशिप पुणे, महाराष्ट्र में भागीदारी किया है। वर्ष 2024 में सीनियर नेशनल भुवनेश्वर ओडिशा में भागीदारी किया है, वर्ष 2024 में राष्ट्रीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता 19 वर्ष में पटना बिहार में भाग ले चुके हैं। उनके परिवार से हर्ष शर्मा, सुनील शर्मा द्वारा प्रतियोगिता के लिए सहयोग किया जाता रहा है एवं रिवर्डेल वर्ल्ड स्कूल महासमुंद के प्राचार्य पूजा शर्मा एवं कौनैन अहमद का विशेष सहयोग रहा है। शुभांश विगत 4 वर्षों से तुमगांव खेल मैदान में डॉ. सुनील कुमार भोई के मार्गदर्शन में खेल कौशल का ट्रेनिंग लेते रहे हैं। चयन पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, डॉ. अयाज अहमद, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, पोखन ढीढी, प्राचार्य भोरिंग कमलेश्वरी साहू, डोलेश होता, कामता प्रसाद साहू, डॉ. सुनील कुमार भोई, इंद्राणी भास्कर, जगदीश धीवर, अभिषेक निर्मलकर, सेवन दास, निमेष मन्नाडे, अभिषेक नेहरू, लिसांशु साहू, जिला संघ के खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में मील का पत्थर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

कोमाखान मंडल महामंत्री लेखमणि पटेल भाजपा नेत्री ने नारी शक्ति वंदना अधिनियम महिला आरक्षण विधेयक को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि बिल का दशकों तक लंबित रहना सिर्फ एक राजनीतिक देरी नहीं था, बल्कि उन सत्ता में रही महिला-विरोधी मानसिकता वाली पार्टियों की नीयत का आईना था, जिन्होंने नारी सशक्तिकरण के नाम पर सिर्फ वादे किए, लेकिन उन्हें अधिकार देने का



साहस कभी नहीं दिखाया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं की समाज में भागीदारी के साथ नीति निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के साथ महिलाएं देश के विकास की दिशा और दशा तय करने में सशक्त भागीदारी निभाएंगी। यह नीति निर्माण के उच्चतम स्तर पर महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने का एक ऐतिहासिक पहल है कोटा के भीतर महिलाओं के लिए आरक्षित 33 प्रतिशत सीटो आगामी जनगणना और परिसीमन के पश्चात लागू होगा।

## बोलपुर विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा में शामिल हुए विधायक योगेश्वर सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपने प्रभार क्षेत्र बोलपुर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में प्रचार प्रसार कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को बोलपुर विधानसभा क्षेत्र में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा हुई। इस सभा में बतौर विधानसभा प्रभारी विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी शामिल हुए। सभा में योगी आदित्यनाथ ने आमजन से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने जनता से कहा कि भयमुक्त पश्चिम बंगाल बनाने के लिए भाजपा प्रत्याशियों को अधिक से अधिक वोटों से विजयी बनाए। इससे राज्य में भाजपा की सरकार



बनेगी और हिंसा, अपराध खत्म होगी।

बता दें कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा बोलपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार भाजपा प्रत्याशी दिलीप कुमार घोष के समर्थन में प्रचार प्रसार कर रहे हैं। प्रचार प्रसार के दौरान उन्होंने कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी। यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता जान चुकी है कि प्रदेश को विकास की राह में वापस लाना है, भयमुक्त प्रदेश बनाना है तो भाजपा की सरकार बनानी पड़ेगी। टीएमसी की सरकार ने पश्चिम बंगाल की जनता को विकास से दूर रखा है। प्रदेश में अपराध बढ़ता जा रहा है। इससे लोग उनकी सरकार से परेशान हो चुके हैं।

## शंकर के जन्मदिन पर 250 लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वरिष्ठ भाजपाई एवं पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल का जन्मदिन पिथौरा विश्राम गृह में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जिलेभर के वरिष्ठ नेताओं, नागरिकों और समर्पित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस दौरान 250 से अधिक लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर विधिवत सदस्यता ग्रहण करते हुए जन्मदिन के अवसर को खास बना दिया।

गुरुवार सुबह से ही भाजपा नेता शंकर अग्रवाल को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। सैकड़ों की



संख्या में पहुंचे समर्थकों ने पुष्प-गुच्छ और माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। उपस्थित वरिष्ठ नेताओं ने उनके दीर्घकालिक राजनीतिक अनुभव और क्षेत्र के प्रति उनकी सक्रियता की प्रशंसा की। इस दौरान अनुशासन का परिचय देते हुए कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से केक काटकर खुशियां साझा कीं। पिथौरा पहुंचने वाले कार्यकर्ता पिथौरा विकासखंड के करीब सभी गांवों के अलावा सारंगढ़, सराईपाली, बसना, सांकरा, तेंदूकोना, बागबाहरा, झलप, महासमुंद एवं रायपुर से भी पहुंचे। इनमे प्रमुख रूप से डॉ नंदकिशोर अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू सहित दर्जनों वरिष्ठ नेता एवं सैंकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

### जन्मदिन में 250 ने किया भाजपा प्रवेश

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों क्षेत्र से आये सैंकड़ों ग्रामीणों ने शंकर अग्रवाल का नेतृत्व स्वीकार करते हुए भाजपा प्रवेश की मंशा मंसा जाहिर की। भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा द्वारा करीब 250 से अधिक नए सदस्यों को भाजपा प्रवेश कराया गया जिनका स्वागत शंकर अग्रवाल द्वारा भाजपा गमछा पहनाकर किया गया।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदमः हुलसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी पहल बताते हुए कहा कि यह अधिनियम लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित कर देश की राजनीति में महिला सहभागिता को नई मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह कानून केवल महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें नीति निर्माण एवं निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी देकर समाज को अधिक न्यायपूर्ण और सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त करता है। यह अधिनियम महिलाओं को नेतृत्व के अवसर प्रदान करेगा और लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संवेदनशील एवं जनहितकारी बनाएगा। हुलसी ने कहा कि यह अधिनियम आने वाले समय में देश



के राजनीतिक परिदृश्य को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और महिलाओं को उनके अधिकार व सम्मान के साथ आगे बढ़ने का अवसर देगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे महिलाओं को आगे बढ़ाने, नेतृत्व देने और सम्मान के साथ सहयोग करने की भावना को मजबूत करें, ताकि एक सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत का निर्माण हो सके।

## गुलमोहर के फूल



**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में रोड किनारे गुलमोहर पेड़ में खिले फूलों का रंग देखते ही बन रहा है। अप्रैल माह में गुलमोहर का फूल सबके मान को भाते है। इसकी खुशबू गांव तक फैल रही है। ग्राम अरंड के दुर्गेश ध्रुव व अजय ध्रुव ने यह फोटो अपने कैमरे में कैद किया है।

## हेमंत तिवारी के प्रयास से बागबाहरा में 21 लोगों को मिला नया मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बीते दिनों जिले के बागबाहरा क्षेत्र में शिशु विद्या मंदिर के कब्जे वाली जमीन में अतिक्रमण से तकरीबन 21 परिवारों को बेदखल किया गया था। इन परिवारों के बेघर होने की जानकारी वरिष्ठ भाजपाई नेता हेमंत तिवारी द्वारा मुख्यमंत्री एवं आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी से





भेंटकर दी गई। तिवारी के आग्रह पर आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने तत्कालीन कर कलेक्टर को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इन 21 परिवारों के लिए तत्काल मकान बनाने का निर्देशित किया गया। वर्तमान में 11 मकान बनकर तैयार हो गए हैं यहां लोग अपने परिवार के साथ वहां निवासरत है। वहीं 10 मकान निर्माणाधीन है। बेदखल हुए गरीब बेघर परिवारों की मदद के लिए किए गए हेमंत तिवारी के प्रयास की सराहना करते हुए नागरिकों ने साधुवाद दिया है।

### छात्रों के लिए उपलब्ध कराया गया फर्नीचर

**महासमुंद।** आईडीबीआई बैंक की स्थानीय शाखा द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत एक सराहनीय पहल करते हुए शहर से दूरस्थ ग्राम बनपचरी स्थित प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों हेतु आवश्यक फर्नीचर सामग्री उपलब्ध कराई गई। शाखा प्रबंधक अरूप विश्वास के नेतृत्व में विद्यालय को कुर्सी-टेबल, स्टाफ कुर्सी, स्टाफ टेबल एवं अलमारी प्रदान की गई। इस पहल से विद्यालय में आधारभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण प्राप्त हो रहा है। विद्यालय परिवार एवं शाला प्रबंधन समिति, प्राथमिक शाला बनपचरी द्वारा बैंक की इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया गया। प्राप्त सामग्री गुणवत्तायुक्त होने के साथ-साथ बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है, जिससे छात्र-छात्राओं में खुशी एवं उत्साह का वातावरण है। सामग्री सत्यापन के अवसर पर बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, शाखा प्रबंधक अरूप विश्वास, सुशांत कुमार तथा प्रधान पाठक मनोज कुलदीप उपस्थित रहे।

**पी टू में फसल का विवरण नहीं, केसीसी बनवाने में दिक्कत**

# भाजपा राज में किसान परेशान, अंकित ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि वे लगातार क्षेत्रीय दौरे में थे, जहां उन्हें किसानों ने बताया कि उनको केसीसी बनाने में बहुत समस्या का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि सहकारी समिति वालों ने साफ कह दिया है कि जब तक पी टू में फसल का उल्लेख नहीं होगा, तब तक केसीसी नहीं मिलेगी। किसानों ने बताया कि पिछले फसल का सर्वे डिजिटल क्रॉप सर्वे हुआ था, जिसका डेटा अपडेट नहीं हुआ है, जिससे हमारी फसल का प्रकार और भूमि सिंचित असिंचित के मामले में कोई सही उल्लेख नहीं मिल रहा है। जिसके बिना केसीसी में खाद और नकद



ऋण नहीं मिल पा रहा। जिसमें सबसे ज्यादा परेशान छोटे और मध्यम किसान हो रहे हैं। अंकित ने बताया कि ख़रीफ में खेती के लिए केसीसी का काम एक अप्रैल से शुरू हो जाता था, परंतु 17 अप्रैल होने के बाद भी किसानों को लगातार चक्कर मारने के बाद भी संतुष्टिप्रद उत्तर नहीं मिल रहा है। रायपुर एनआईसी में बात करने पर उन लोगों ने दिल्ली से सुधार होने की बात कही। कुछ किसान जिनको सीधी फसल के लिए खाद चाहिए तो सॉफ्टवेयर अपडेट के नाम से 12 अप्रैल से खाद वितरण की मनाही कर दी गई है, जिस पर किसानों का गुस्सा और बढ़ रहा है। और यूरिया नहीं मिलने के कारण 264 रुपए का यूरिया 600 से 800 रुपए में खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है। अंकित ने कहा कि भाजपा राज में अलग अलग तरीके से किसानों को सिर्फ और सिर्फ परेशान किया जा रहा है। बागबाहरा एसडीएम कार्यालय में कलेक्टर के नाम पर चार सूत्रीय ज्ञापन सौंप तत्काल इन समस्याओं का निदान निकलने की मांग की गई। मांग की गईं कि जल्दी निदान किया जाए अन्यथा किसान अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत होने मजबूर होंगे। इस अवसर पर अंकित बागबाहरा के साथ उत्तम सोनवानी, देवानंद साहू, गयाराम देवांगन, दशरथ, माधव, छगन, राजेश राजपूत आदि उपस्थित थे।

